जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**70 YEARS OF SHYAMCHI AAI** The film brings to life, '*Swami tinhi jagacha pan Aai vina bhikari*', meaning, "You may be the greatest in this universe, but are only a beggar without a mother."

**Creative Ways To Use Melted Ice Cream** You can repurpose your melted ice cream for some other culinary endeavour




# खड़गे को मिला राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण

## खड़गे ने कहा, अयोध्या जाने के बारे में जल्दी ही निर्णय करेंगे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 जनवरी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यहां शनिवार को एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में बताया कि उन्हें अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में भाग लेने का निमंत्रण प्राप्त हुआ और वह इस बारे में जल्दी ही निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि निमंत्रण व्यक्तिगत है और जिसे भी निमंत्रण मिल रहा है वह कार्यक्रम में भाग ले सकता है। आप आज, कल या परसों कभी भी जा सकते हैं।

- **खड़गे ने कहा कि, निमंत्रण व्यक्तिगत है और जिसे भी निमंत्रण मिलता है, वह वहां जा सकता है। उन्होंने कहा, आज, कल, परसों जब मन करे आप अयोध्या जा सकते हैं।**
- **राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर खड़गे ने कहा कि, यह आम जनता को न्याय दिलाने के लिए है, न कि वोटों के लिए।**
- **इंडिया ब्लॉक का चेयरमैन व संयोजक कौन होगा, इस प्रश्न पर खड़गे ने कहा, 10-15 दिन में इस पर फैसला हो जाएगा।**

उत्तर प्रदेश, झारखंड और असम के 108 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से होकर गुजरने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में पूछे गए एक प्रश्न पर खड़गे ने कहा कि यात्रा जनता को न्याय दिलाने के लिए है, ना कि वोटों के लिए।

लोकसभा चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी ने 500 से अधिक संसदीय पर्यवेक्षकों के नाम फायनल किए हैं और "इण्डिया" गठबंधन की सहयोगी पाटियों से बातचीत के बाद कांग्रेस को उचित संख्या में सीटें मिलेंगी। इस प्रश्न पर कि इण्डिया गठबंधन का अध्यक्ष एवं समन्वयक कौन होगा? उन्होंने कहा कि यह 10-15 दिन में तय कर लिया जाएगा।

सहयोगी पार्टियों के साथ सीट शेयरिंग को लेकर खड़गे ने कहा कि "हमारे लोग पहले से ही वहां हैं। आप जानते हैं कि हमने एक कमेटी का गठन किया है। हमारी करीब छः सदस्यीय कमेटी काम कर रही हैं, जिसके समन्वय मुकुल वासनिक हैं। उसमें अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, पी. चिदम्बरम, सलमान खुर्शीद और मोहन प्रकाश भी हैं। ये लोग अच्छे से अच्छा काम कर रहे हैं। और मेरे आवास पर हमारी एक मीटिंग पहले ही हो चुकी है। ये लोग हर दो दिन बाद यह तय करने के लिए मीटिंग कर रहे हैं कि क्या किया जाना चाहिए, क्या मांग की जानी चाहिए। उनकी मांग के अनुसार हर चीज तय की जाएगी। ये लोग ऐसा कर रहे हैं।"

उन्होंने यह भी खुलासा किया कि ये लोग पहले प्रत्येक राज्य में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों, विधायक दल के नेताओं और पार्टी के सीनियर नेताओं के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मेवाराम जैन को कांग्रेस पार्टी ने निकाला

जयपुर, 6 जनवरी। कांग्रेस पार्टी ने बाड़मेर के पूर्व विधायक मेवाराम जैन को पार्टी से निकलने का आदेश देर रात जारी कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मेवाराम जैन को पार्टी से निकालने का आदेश जारी करते हुए कहा कि, जैन की ओर से किया गया कृत्य स्वीकार करने योग्य नहीं है।

- **मेवाराम जैन पर यौन उत्पीड़न का आरोप है और उनकी एक और सीडी वायरल होने की खबर मिली है।**

ऐसे में उन्हें तुरंत पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि, विधानसभा चुनाव से पहले ही मेवाराम जैन की सीडी की चर्चा जयपुर से लेकर दिल्ली तक पहुंच गई थी, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस नेताओं ने इस पर संज्ञान नहीं लिया और बाड़मेर में मेवाराम जैन के खिलाफ हो रही चर्चाओं के बावजूद कांग्रेस ने उन्हें फिर से विधानसभा का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# उद्धव को नहीं मिला राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण

## 22 जनवरी को नासिक के "काला राम मंदिर" जाएंगे उद्धव ठाकरे

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 जनवरी। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह में भाग लेने वाले अतिथियों की सूची में नाम शामिल नहीं होने पर शिव सेना (यू.बी.टी.) के अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भाजपा की अयोध्या मंदिर वाली राजनीति का जवाब देने के लिए रणनीति तैयार कर ली है।

इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस आज राज्यव्यापी रथ यात्रा पर रवाना हो गए इस रथ यात्रा का समापन 22 जनवरी को होगा। उद्धव ठाकरे ने अयोध्या में होने वाले 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन के दिन नाशिक स्थित काला राम मंदिर में दर्शन करने जाने के कार्यक्रम की घोषणा की है। इस अभियान की प्रतीकात्मकता तमाम संदेहों से परे है। क्योंकि काला राम मंदिर उस सत्याग्रह का केन्द्र था जिसे डॉ. भीमराव अंबेडकर व साने गुरूजी दोनों ने 1930 के दशक में दलितों को मंदिरों में प्रवेश देने की मांग को लेकर आंदोलन चलाया था।

- **ज्ञातव्य है कि, काला राम मंदिर से 30 के दशक में डॉ. अम्बेडकर और साने गुरूजी ने दलितों के मंदिर प्रवेश का आंदोलन किया था।**
- **उद्धव इस अवसर का लाभ उठा कर महाराष्ट्र के दलितों में पैठ बनाना चाहते हैं।**

ठाकरे ने राम मंदिर उद्घाटन में आमंत्रित नहीं किए जाने पर उन्होंने कहा "यह बहुत ही प्रसन्नता का विषय है कि 30 वर्षों के लम्बे संघर्ष के बाद राम मंदिर का उद्घाटन समारोह आयोजित हो रहा है। ठीक उसी दिन हम काला राम मंदिर में भगवान राम की पूजा अर्चना कर रहे होंगे। यह वो मंदिर है जहां डॉ. अंबेडकर व पाण्डुरंग साने गुरूजी ने दलितों को मंदिर में प्रवेश दिलाने के लिए संघर्ष किया था। भगवान राम सबके हैं। भाजपा को यह बात बिल्कुल नहीं भूलनी चाहिए।

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा उद्घाटन समारोह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

